हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 15 मार्च 2026

06 चांचौड़ा की लोक अदालत आयोजित, आपसी...



09 1291 प्रकरण हल, 10 करोड़ 86 लाख 68 हजार 793 रुपए का ...





## एडवोकेट की सूझबूझ से सुलझा दंपती का विवाद, लोक अदालत में राजीनामा किया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

आरोन के ग्राम रोरी निवासी पति-पत्नी के बीच चल रहा पारिवारिक विवाद लोक अदालत में आपसी समझाइश और एडवोकेट की सूझबूझ से सुलझ गया। यह मामला पिछले चार माह से अदालत में चल रहा था, जिसे लोक अदालत में दोनों पक्षों को समझाकर खत्म कराया गया।जानकारी के अनुसार वीरेन्द्र अहिरवार और उनकी पत्नी सविता के बीच घरेलू बात को लेकर विवाद हो गया था, जिसके बाद पत्नी अपने मायके चली गई थी। दोनों की शादी वर्ष 2023 में हुई थी और उनकी 18 माह की एक बच्ची भी है। विवाद बढ़ने पर पति ने न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया था।मामले में पैरवी कर रहे एडवोकेट नूर अख्तर ने दंपति को परिवार के महत्व और आपसी समझदारी का संदेश देते हुए समझाइश दी। उन्होंने दोनों पक्षों से अलग-अलग मुलाकात कर आपसी मतभेद भुलाकर साथ रहने के लिए प्रेरित किया। 14 मार्च को आयोजित लोक अदालत में जिला एवं सत्र न्यायाधीश की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच राजीनामा कराया गया। इस दौरान पति-पत्नी ने एक-दूसरे को फूलमाला पहनाकर फिर से साथ रहने का संकल्प लिया।यह घटना समाज के लिए भी एक संदेश है कि छोटी-छोटी बातों को लेकर परिवार को टूटने से बचाने के लिए आपसी समझ, संवाद और बड़ों की सलाह बहुत महत्वपूर्ण होती है। एडवोकेट की सूझबूझ और प्रयास से एक बिखरता परिवार फिर से जुड़ गया।



वहीं शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत मे जिला न्यायालयों एवं तहसील राघौगढ, चांचौडा.एवं आरोन के न्यायालयों में 1093 लंबित प्रकरण एवं बैंक, विद्युत एवं नगर पालिका के 4200 प्रीलिटिगेशन प्रकरण निराकरण हेतु रखे गये । वंदना त्रिपाठी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया उक्त प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला स्तर पर 15 खंडपीठ एवं तहसील राघौगढ मे 5, चांचौडा. मे 3 एवं आरोन में 1 खंडपीठ का गठन किया गया था। उक्त नेशनल लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में लंबित सिविल, आपरधिक, चेकबाउंस, क्लेम, भू अर्जन, पारिवारिक मामले, एवं अन्य प्रकृति के राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसके साथ ही बैंक, विद्युत, बीएसएनएल के साथ ही नगर पालिका के जलकर, संपत्तिकर आदि से संबंधित प्रकरणों का भी निराकरण किया गया।

## समाचार संक्षेप

### नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड विजयपुर में ठेका श्रमिकों के लिए सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण



**गुना।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शनिवार दको एन एफ एल सुरक्षा विभाग द्वारा एन एफ एल विजयपुर के केंद्रीय कैंटीन हाल में सभी ठेका श्रमिकों के लिए सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 375 ठेका श्रमिकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रबंधक (सुरक्षा) श्री सिद्धेश्वर श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में कारखाने में होने वाले कार्यों के सुरक्षित निष्पादन हेतु, विभिन्न विषयों जैसे रसायन सुरक्षा, ऊंचाई पर कार्य के लिए सुरक्षा, हॉट जॉब सुरक्षा, कन्फाइंड स्पेस में कार्य के दौरान सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, गृह सुरक्षा, हाउस कीपिंग, अग्नि सुरक्षा आदि पर सुरक्षा प्रशिक्षण एवं व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों जेसे उंचाई पर कार्य के लिए FBH, जहरीली गैस के रिसाब पर सुरक्षित कार्य के लिए SCBA, विभिन्न प्रकार के मास्क , दस्ताने, सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न प्रकार के सूट इत्यादि का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, सिद्धेश्वर श्रीवास्तव वरिष्ठ प्रबंधक (सुरक्षा), शअतुल कुमार श्रीवास्तव वरिष्ठ सहायक प्रबंधक (सुरक्षा), कपिल देव इन्स्पेक्टर सीआईएसएफ (फायर विंग), श कुलदीप सिंह राजपूत अभियंता (अग्नि एवं सुरक्षा) एवं निखिल दुबे अभियंता (अग्नि एवं सुरक्षा) थे। कार्यक्रम के दौरान वर्ष भर सुरक्षा से कार्य करने वाले लगभग 40 ठेका श्रमिकों को उनके उत्साह वर्धन के लिए पुरस्कृत किया गया। और कार्यक्रम के अंत में इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी ठेका श्रमिकों को उत्साह वर्धन के लिए सुरक्षा विभाग से एक टोकन गिफ्ट भी प्रदान किया गया।

### जिले में जिला जेल गुना के 60 महिला/पुरुष बंदियों सहित कुल 30450 नवसाक्षर महिला, पुरुषों ने साक्षरता परीक्षा दी

**गुना ।** उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत जिले के 1679 परीक्षा केंद्रों पर कुल 30450 नव साक्षर महिला/पुरुषों के द्वारा आज परीक्षा दी गईउक्त परीक्षा की जिला एवं विकासखंड स्तर से मॉनिटरिंग डीईओ, डीपीसी, प्रिंसिपल डायट, जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी, जिला सह समन्वयक साक्षरता, बीईओ बीआरसीसी, बीएसी, जनशिक्षक, संकुल सह समन्वयक साक्षरता तथा कार्यक्रम से जुड़े अन्य विभागों के जिला अधिकारियों के द्वारा की गईउल्लेखनीय है कि परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देने आने वाले सभी परीक्षार्थी महिला पुरुषों का तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गयापरीक्षा केंद्रों पर परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

### ग्राम बढ़ेरा में कृषक संगोष्ठी संपन्न, जैविक व प्राकृतिक खेती पर जानकारी दी गई

**गुना।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग की आत्मा योजना के अंतर्गत कलेक्टर श किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में ग्राम बढ़ेरा, विकासखंड गुना में कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन उपसंचालक कृषि संजीव कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। संगोष्ठी में कृषि विज्ञान केंद्र आरोन के वैज्ञानिक डॉ. वरुण प्रताप सिंह ने कृषकों को जैविक खेती के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में जैविक खेती अपनाना अत्यंत आवश्यक हो गया है। साथ ही विभिन्न फसलों में लगने वाले रोग एवं कीटों के नियंत्रण तथा उनसे बचाव के उपायों के बारे में भी किसानों को जानकारी दी।इस अवसर पर बीटीएम आरोन आर.एस. लोधा ने किसानों से नरवाई में आग न लगाने की अपील करते हुए इसके दुष्प्रभावों से अवगत कराया। उन्होंने ग्रीष्मकालीन मूंग की खेती तथा संबंधित कृषि कार्यमाला के बारे में भी जानकारी प्रदान की।बीटीएम बमोरी मुरारीलाल त्यागी ने प्राकृतिक खेती के प्रमुख घटकों जैसे जीवामृत, घन जीवामृत एवं दशपर्णी अर्क बनाने की विधि के बारे में विस्तार से बताया। कार्यशाला के दौरान किसानों को इन विधियों का व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया।कार्यक्रम के अंत में कृषकों को बीआरसी सेंटर का भ्रमण भी कराया गया। बीटीएम गुना डॉ. मनमोहन भूरिया ने कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सुनील भील द्वारा किया गया। संगोष्ठी में प्राकृतिक खेती से जुड़े कृषकों सहित क्षेत्र के अन्य किसान भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### बजरंगगढ़ के शिविर में समस्याओं का निराकरण कराया

## बजरंगगढ़ से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जनसुनवाई का दूसरा चरण शुरू किया

### 98 आवेदनों का सिंधिया ने मौके पर समाधान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के चार दिवसीय प्रवास पर आए केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को ग्राम बजरंगगढ़ में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और कई समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कराया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बजरंगगढ़, गुना में आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएँ सुनीं और उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। यह जनसुनवाई केंद्रीय मंत्री ने पिछले वर्ष शुरू की थी। दूसरे चरण की पहली जनसुनवाई के दौरान कुल 710 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से लगभग 150 आवेदनों को केंद्रीय मंत्री द्वारा स्वयं सुना गया। इनमें से 98 आवेदनों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि शेष आवेदनों को नियमानुसार संबंधित विभागों को भेजते हुए समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए गए।



#### जनहित योजनाओं से जुड़े मामलों का मौके पर समाधान

जनसुनवाई के दौरान सिंधिया ने कई आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। इनमें बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, लाड़ली बहना योजना, स्वास्थ्य सहायता राशि, नामांकन सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े मामलों का समाधान अधिकारियों द्वारा मौके पर ही कर दिया गया। सभी 712 आवेदनों का ऑनलाइन पंजीकरण किया गया है जिनमें से बच्चे 612 आवेदन 'वर्क इन प्रोग्रेस' के रूप में दर्ज किए गए हैं जिन्हें स्वयं मंत्री ने बैग में रखा।

#### निर्देशः हर आवेदन का समाधान होना चाहिए

जनसुनवाई के दौरान सिंधिया ने जिला प्रशासन को निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक आवेदन का समाधान सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन आवेदनों का समाधान संभव नहीं है, उनके कारण भी स्पष्ट रूप से बताए जाएँ। साथ ही जिन मामलों का संबंध केंद्र सरकार से है उन्हें उनके कार्यालय तक भेजा जाए, जबकि राज्य सरकार से जुड़े मामलों को प्रभारी मंत्री के माध्यम से आगे बढ़ाया जाए ताकि उनका समाधान शीघ्र हो सके।

#### ऑनलाइन ट्रैकिंग से हर सप्ताह होगी प्रगति की समीक्षा

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि सभी आवेदन ऑनलाइन पंजीकृत किए गए हैं और उनकी प्रगति की हर सप्ताह व्यक्तिगत रूप से समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सप्ताह यह देखा जाएगा कि कितने आवेदनों का समाधान हुआ, कितने लंबित हैं और किन कारणों से कुछ मामलों का निराकरण नहीं हो पाया। उन्होंने बताया कि यह ऑनलाइन ट्रैकिंग प्रणाली पिछले वर्ष से शुरू की गई है, ताकि सरकारी योजनाओं के साथ-साथ जनता की समस्याओं का भी समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

#### पिता के इलाज के लिए मदद की गुहार रो पड़ी बेटी

जनसुनवाई के दौरान कनिका साहू ने अपने पिता के कैंसर इलाज के लिए सहायता की गुहार लगाई। कनिका ने बताया कि उनके पिता पिछले दो वर्षों से कैंसर से पीड़ित हैं और उपचार के लिए अभी 9 इंजेक्शन लगना शेष हैं। इस पर विधायक पन्नालाल शाक्य ने मौके पर ही 2 लाख की सहायता राशि स्वीकृत की, जबकि शेष राशि केंद्रीय मंत्री द्वारा उपलब्ध कराने की सहमति दी गई। इस अवसर पर सिंधिया ने कनिका से कहा, "तुम मेरे परिवार की सदस्य हो।" सहायता मिलने पर कनिका भावुक होकर रो पड़ी और कहा कि अब उनके पिता का इलाज संभव हो सकेगा।

#### प्रशासन के प्रयासों की सराहना

सिंधिया ने जनसुनवाई के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन, विशेष रूप से कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के समन्वय से ही जनता की समस्याओं का प्रभावी समाधान संभव है। जनसुनवाई का दूसरा चरण, अन्य जिलों में भी होगा आयोजन केंद्रीय मंत्री ने बताया कि यह जनसुनवाई अभियान का दूसरा चरण है। पिछले वर्ष फरवरी से मई के बीच गुना संसदीय क्षेत्र की आठ विधानसभाओं में ऐसे शिविर आयोजित किए गए थे, जिनमें 10,000 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे। गुना के बाद इसी प्रकार की जनसुनवाई अशोकनगर और शिवपुरी में भी आयोजित की जाएगी, ताकि अधिक से अधिक नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया जा सके।

#### वैश्विक मुद्दों पर राजनीति करने को लेकर कांग्रेस पर निशाना

इस अवसर पर सिंधिया ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज़ मार्ग खुला है और भारत के लिए गैस आपूर्ति निरंतर जारी है, जिससे पेट्रोल, डीज़ल और केरोसीन की उपलब्धता पर कोई संकट नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसे वैश्विक संकट के समय कांग्रेस अनावश्यक राजनीतिक मुद्दे खड़े कर रही है, जबकि देश को मजबूत बनाने के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण की आवश्यकता है।इस दौरान जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत,गुना विधायक पन्नालाल शाक्य,भाजपा ज़िलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार सहित जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे । कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर बजरंगगढ़ ग्राम पंचायत की ओर से उनका ढोल-नगाड़ों और उत्साह के साथ स्वागत किया गया।

इसके बाद उन्होंने दीप प्रज्वलन कर शिविर का विधिवत शुभारंभ किया। शिविर के दौरान केंद्रीय मंत्री ने ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान कराया, जबकि अन्य आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी ।

### दिव्यांगजन शिविर में 1929 लोगों को मिले 8 हजार सहायक उपकरण

गुना। केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री व गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुना में आयोजित दिव्यांगजन किट वितरण शिविर में 1929 दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को 8 हजार से अधिक सहायक उपकरण वितरित किए।इस दौरान सुबह जनसुनवाई में ट्राइसाइकिल की मांग करने वाले गणपत को दोपहर में ही शिविर में ट्राइसाइकिल प्रदान की गई, जिससे वह भावुक हो गए। कार्यक्रम में सिंधिया ने कहा कि दिव्यांगजनों को सम्मान और स्वावलंबन के साथ आगे बढ़ाना सरकार का संकल्प है।उन्होंने बताया कि गुना, अशोकनगर और शिवपुरी जिलों में आयोजित शिविरों के माध्यम से करीब 8500 दिव्यांगजनों को 30 हजार से अधिक सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे।



## छह सिलेंडर जब्त कर पांच प्रतिष्ठानों पर प्रकरण दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के आदेशानुसार जिले में चलाए जा रहे अभियान के तहत आम जनता को घरेलू गैस सिलेंडरों की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा उनके व्यावसायिक उपयोग को रोकने के लिए खाद्य विभाग द्वारा छापामार कार्रवाई की गई।जिला आपूर्ति अधिकारी अवधेश पाण्डेय के निर्देशन में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आशीष चतुर्वेदी, खुशबू शुक्ला तथा शिवराम सिंह कुशवाह द्वारा शनिवार को शहर के 12 होटल एवं प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान 5 प्रतिष्ठानों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करते हुए पाए जाने पर कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान वल्ली पोहा सेंटर (तेलघानी) से 1, जमजम होटल (बस स्टैंड गुना) से 1, अमन होटल (बस स्टैंड गुना) से 1, न्यू राजश्री भोजनालय (बस स्टैंड गुना) से 2 तथा महाशय जलेबी सेंटर (बस स्टैंड गुना) से 1 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किया गया। संबंधित संचालकों द्वारा व्यावसायिक उपयोग के लिए आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर कुल 6 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त कर 5 प्रतिष्ठानों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया। इन प्रतिष्ठानों के संचालकों के विरुद्ध द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश 2000 के तहत कार्रवाई की गई है, जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है।निरीक्षण के दौरान कुछ होटल एवं प्रतिष्ठानों पर डीजल एवं कोयला भट्टी का उपयोग किया जाना भी पाया गया। विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग के विरुद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा।गैस से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए जिला खाद्य कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। आमजन अपनी शिकायत या समस्या के लिए संपर्क कर सकते हैं।



घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग पर खाद्य विभाग की कार्रवाई

## राघौगढ़ थाना पुलिस की सजगता 5 वर्षीय बालक के परिजनों को खोजकर उनके सुपुर्द किया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त एवं संवेदनशील नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में पूरी मुस्तैदी, सजगता एवं कर्तव्यनिष्ठा से कार्यवाहियां की जा रहीं हैं । इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी राघौगढ़ दीपा डोडवे के पर्यवेक्षण में जिले के राघौगढ़ थाना क्षेत्र से मिले 05 वर्षीय नाबालिग बालक के परिजनों को पुलिस द्वारा तलाश कर बालक को सकुशल उसके परिजनों से मिला दिया है । उल्लेखनीय है कि थाना राघौगढ़ को सूचना प्राप्त हुई कि लगभग 4–5 वर्ष का एक छोटा बच्चा अपने घर से बिना बताए कहीं गुम हो गया है । सूचना प्राप्त होते ही इंचार्ज थाना प्रभारी राघौगढ़ उपनिरीक्षक रसना राजावत द्वारा तत्काल एफआरबी टीम को मौके पर भेजा गया ।

मौके पर पहुंची एफआरबी टीम द्वारा बच्चे को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया गया तथा उससे उसका नाम, माता-पिता का नाम एवं निवास स्थान पूछने का प्रयास किया गया, लेकिन बच्चा अपनी कम उम्र के कारण सही जानकारी नहीं बता पा रहा था। इसके बाद एफआरबी स्टाफ द्वारा बच्चे को साथ लेकर आसपास के गांवों में घर-घर जाकर पूछताछ एवं संपर्क किया गया । पूछताछ के दौरान पता चला कि बच्चे का नाम भूरा सहरिया पुत्र लखन सहरिया निवासी ग्राम खंडेला तहसील बमोरी जिला गुना, हाल निवासी गणेशपुर थाना राघोगढ़ है । जानकारी प्राप्त होने के पश्चात पुलिस स्टॉफ द्वारा बच्चे को सकुशल उसके घर पहुंचाकर उसके पिता लखन सहरिया के सुपुर्द किया गया ।



उक्त सराहनीय कार्यवाही में थाना इंचार्ज राघौगढ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक रसना राजावत, आरक्षक धर्मेंद्र रावत, आरक्षक मनोज सिकरवार एवं एफआरबी पायलेट लखन मीणा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

### जुगाड़ गाड़ी चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

गुना। कैंट थाना क्षेत्र के कालापाठा से जुगाड़ गाड़ी (गन्ने की मशीन) चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी गई गाड़ी भी बरामद कर ली गई है। पुलिस के अनुसार फरियादी शैलेन्द्र कुशवाह निवासी कालापाठा ने 1 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 25 फरवरी की रात घर के बाहर खड़ी उसकी जुगाड़ गाड़ी अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। इस पर कैंट थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।जांच के दौरान पुलिस ने मुखबिर सूचना और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर शैरु कुशवाह (20) निवासी कालापाठा और अभिषेक कोरी (19) निवासी पिपरिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की। दोनों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

### गुना में बालिकाओं के लिए एचपीवी टीकाकरण जागरूकता कार्यक्रम जारी

## छात्राओं को एचपीवी टीकाकरण के महत्व बारे में बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के उद्देश्य से 14 वर्ष तक की बच्चियों/छात्राओं को एचपीवी टीकाकरण हेतु शासकीय एकीकृत बालक माध्यमिक विद्यालय मानस भवन, गुना में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में विद्यालय प्रभारी नरेंद्र भारद्वाज (शिक्षक) एवं जिला चिकित्सालय गुना की राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की परामर्शदाता/काउंसलर श्रीमती रेखा शर्मा द्वारा छात्राओं को एचपीवी टीकाकरण के महत्व, लाभ एवं समय पर टीकाकरण की आवश्यकता की जानकारी दी गई तथा उनकी शंकाओं का समाधान किया गया। साथ ही विद्यालय की छात्राओं को जिला चिकित्सालय गुना के टीकाकरण स्थल पर लाकर एचपीवी वैक्सीन लगवाई गई। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त ब्लॉकों में कार्यरत परामर्शदाताओं एवं प्रशिक्षकों द्वारा अभियान में सक्रिय सहभागिता की जा रही है। कार्यक्रम के साथियों द्वारा स्वयं एचपीवी वैक्सीन लगवाकर उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अन्य लोगों को टीकाकरण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत गांवों एवं शहरी क्षेत्रों में जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से दीवार लेखन कार्य भी किया जा रहा है, जिससे एचपीवी टीकाकरण एवं सर्वाइकल कैंसर से बचाव का संदेश व्यापक स्तर पर प्रसारित हो रहा है। विनीता सोनी, जिला समन्वयक, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम ने बताया कि एचपीवी टीकाकरण सर्वाइकल कैंसर से बचाव का प्रभावी माध्यम है तथा समय पर टीकाकरण से बालिकाओं का भविष्य सुरक्षित किया जा सकता है। इस पहल का उद्देश्य जिले की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित रखते हुए स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करना है।



## समाचार संक्षेप

### महिला और पुरुष एक-दूसरे के पूरक: प्राचार्य डॉ. माया परस्ते

**राघौगढ़।** शासकीय महाविद्यालय राघौगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम श्रीपुरा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस पर "डिजिटल युग में महिला सशक्तिकरण" विषय पर बौद्धिक सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. माया परस्ते मुख्य अतिथि तथा डॉ. रजनी शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।




प्राचार्य डॉ. माया परस्ते ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिला और पुरुष एक-दूसरे के पूरक हैं तथा महिलाओं में डिजिटल शिक्षा का प्रसार अत्यंत आवश्यक है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और समाज के विकास में समान रूप से भागीदारी निभा सकें।शिविर के अंतर्गत स्वयंसेवकों द्वारा प्रभात फेरी, योग-व्यायाम, ग्राम सर्वेक्षण तथा विभिन्न व्यवस्थागत गतिविधियाँ संपन्न की गईं। सायंकाल सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामवासी भी शामिल हुए।कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी असिस्टेंट प्रोफेसर हीरालाल पटेल ने किया तथा आयोजन में असिस्टेंट प्रोफेसर प्रतिभा दुबे, डॉ. विजय सिंह कुशवाह, डॉ पूर्णिमा गुप्ता, और प्रकाश चंद्र तामरे का विशेष सहयोग रहा।

### रुठियाई में जन अभियान परिषद द्वारा समितियों का क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण आयोजित



**राघोगढ़।** जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था स्वर्गीय राम प्रसाद शिक्षा प्रसार समिति द्वारा प्रस्फुटन समितियों का क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम रुठियाई नगर स्थित नालंदा पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न समितियों के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्य अपनी-अपनी समितियों के साथ उपस्थित हुए।कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक समन्वयक श्रीमती मंजूषा सोलोमन जी एवं समन्वयक लोकेंद्र सिंह ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेश केवट एवं श्रीमती संध्या सिंह लोधी रहीं।प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से जन अभियान परिषद की परिकल्पना, समग्र ग्राम विकास की अवधारणा एवं चरण, स्वैच्छिक संस्थाओं का गठन एवं प्रबंधन तथा दस्तावेजीकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।कार्यक्रम के अंत में नवांकुर समिति के अध्यक्ष ललित कुमार जैन एवं नवांकुर समिति के कोषाध्यक्ष देवकीनंदन कुशवाहा ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# चांचौड़ा की लोक अदालत आयोजित, आपसी विवाद भुलाकर दपंत्ति में कराया राजीनामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶चांचौड़ा

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शनिवार को वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। गुना जिला न्यायालय तथा तहसील न्यायालय चाँचौड़ा, राघोगढ़ और आरोन सहित विभिन्न विभागों में आयोजित इस लोक अदालत में आपसी सहमति से अनेक प्रकरणों का निराकरण किया गया।इस पहल के माध्यम से लोगों ने वर्षों से चले आ रहे आपसी विवादों और तकरारों को आपसी रजामंदी से समाप्त किया। लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित दीवानी और आपराधिक शमनीय मामलों के साथ-साथ बैंक, विद्युत, श्रम, जलकर और संपत्तिकर से जुड़े प्री-लिटिगेशन प्रकरणों सहित विभिन्न मामलों का निपटारा किया गया।नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अमिताभ मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला सत्र न्यायाधीश मनीष भट्ट, न्यायाधीश प्रियम सेन, न्यायाधीश डिम्पल कश्यप एवं अभिभाषक संघ अध्यक्ष श्रीलाल श्रीवास्तव द्वारा मां सरस्वती के पूजन, महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन कर किया गया।इस अवसर पर अभिभाषक संघ चाँचौड़ा के अध्यक्ष श्रीलाल श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष दिनेश दास



वैरागी, सचिव रंजीत सिंह गौर एडवोकेट, कार्यकारिणी सदस्य अजय कुमार जैन एडवोकेट, जयराज सिंह खींची एडवोकेट, चंद्रभान यादव, प्रदीप कुमार शर्मा एडवोकेट, रामचरण अहिरवार, चंचरीक राजौरिया, समीना बानो, दिलीप लोधी, योगेश खरे सहित चाँचौड़ा न्यायालय के स्टाफ, नायब नाजिर अनिल कुमार सेन, तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण के राजकुमार मौर्य, छोटेसिंह राजपूत, रितेश गुप्ता, विनय रघुवंशी, नीलेश गुप्ता, अंजली गुप्ता, ललित व्यास, सुनीत अहिरवार, मिथुन प्रजापति, शरद शर्मा, प्रदीप यादव, प्रमोद कोरी, घनश्याम जावा, अमित दुबे, विकास सेन, चंद्रपाल सिंह सहित विभिन्न बैंकों और विभागों के अधिकारी, अधिवक्ता एवं न्यायालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।लोक अदालत के दौरान न्यायाधीश मनीष भट्ट एवं न्यायाधीश प्रियम सेन के न्यायालयों में लंबे समय से अलग रह रहे दंपत्तियों के बीच भी आपसी सहमति से राजीनामा कराया गया। इस अवसर पर दंपत्तियों ने एक-दूसरे को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर अपने मतभेद समाप्त किए। इस भावनात्मक क्षण के दौरान अधिवक्ता अवनीश राजोरिया, नंदकिशोर मीना, दिनेश दास वैरागी, मोहित श्रीमाल, अमित कुमार सेन, विनोद कुमार सेन, राजेन्द्र कुमार शर्मा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजवीर सिंह राजपूत,चंचरीक राजोरिया,दिलीप सिंह लोधी और योगेश खरे सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

### विद्युत वितरण केंद्र आरोन द्वारा समाधान योजना के शिविर आयोजित

**गुना।** शुक्रवार को आरोन शहर में विद्युत वितरण केंद्र आरोन द्वारा समाधान योजना हेतु शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विद्युत उपभोक्ताओं को समाधान योजना में छूट की जानकारी दी और कुछ उपभोक्ताओं द्वारा सिविल में आकर समाधान योजना का लाभ भी लिया सभी उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि मार्च 31 तक समाधान योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ लें आरोन में जो शिविर आयोजित किया गया था । उसमें वरिष्ठ अधिकारी गुना से डीजीएम राजेंद्र सिंह एई अरविंद रानोलिया जेई अमित लखेरा , अनिकेत सिंह और अंकेश उपरिंग ने उपभोक्ताओं की समस्या का निराकरण किया।



# डीएनटी समुदाय की 30 महिलाओं को मिला ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण

▪ प्रमाण पत्र व टूल किट वितरित ▪



### कौशल प्रशिक्षण से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ीं महिलाएं, स्वरोजगार के नए अवसर खुलेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶चांचौड़ा

जिले के ग्राम कोड्यापुरा में डीएनटी समुदाय की स्वयं सहायता समूह से जुड़ी 30 महिलाओं को ब्यूटी पार्लर (ब्यूटी थेरेपिस्ट) कौशल प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत प्रमाण पत्र एवं टूल किट वितरित की गई।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना तथा उन्हें स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना है।समारोह के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त सभी महिलाओं को प्रमाण पत्र के साथ ब्यूटी पार्लर से संबंधित टूल किट प्रदान की गई तथा उनके लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई।इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि कौशल आधारित प्रशिक्षण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ उनके लिए रोजगार के नए रास्ते भी खोलता है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद महिलाएं स्वयं का ब्यूटी पार्लर स्थापित कर सकती हैं, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।कार्यक्रम में CARD संस्था से कपिल दुबे (स्किल सेल – भोपाल) एवं अंकिता शर्मा (फील्ड कोऑर्डिनेटर), ग्राम पंचायत के सरपंच, पंचगण, प्रशिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

## चाचौड़ा में पं. शास्त्री के मुखारबिंद से श्री रामकथा 19 से प्रारंभ होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶चांचौड़ा

धर्मनिष्ट आत्मीय जन,भगवान श्री सत्यनारायण जी की कृपा से धर्म नगरी चाचौड़ा में परम पूज्य भागवत भूषण एवं मानस रत्न पंडित श्री पुरुषोत्तम जी पारीक रामायणाचार्य (बरखेड़ा, राघोगढ़) के श्री मुख से दिव्य श्री रामकथा की अमृत वर्षा से सराबोर होने का एक सहज सुलभ अवसर चाचौड़ा एवं समस्त क्षेत्र वासियों को प्राप्त होने जारहा है।वर्तमान के संक्रमण काल में जब मानव भौतिकवादी संस्कृति के चक्रव्यूह में उलझा त्रितापों (दैहिक, दैविक, भौतिक) के कारण भक्ति से प्रमुख हो गया है। ऐसे में श्री राम कथा की मंदाकिनी समस्त पापों को वहा कर ले जाने में समर्थ है। इसमें संशय नहीं है।अतः सभी भक्त श्रद्धालु अधिक से अधिक संख्या में पधार कर रामकथा रसपान कर जीवन सफल बनावें।कथा 19 मार्च से 25 मार्च तक चलेगी।



# शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरोध में राकसं ने दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

राज्य कर्मचारी संघ जिला गुना के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचकर डिप्टी कलेक्टर नेहा चौधरी को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) के विरोध में ज्ञापन सौंपा! राज्य कर्मचारी संघ के जिला सचिव संतोष सिंह परिहार ने कहा कि शिक्षक पात्रता परीक्षा पूर्ण रूप से अन्यायपूर्ण है! हम इसका विरोध करते हैं! शासन को शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरुद्ध उच्च न्यायालय में रिव्यू पिटीशन लगाना चाहिए! ज्ञापन सौंपने बालों में जिला संभागीय उपाध्यक्ष राजकुमार सेलर,कोषाध्यक्ष संतोष सक्सैना, ब्लाक अध्यक्ष मोहन सिंह उरैया,राजकुमार रघुवंशी,, प्रदीप पाण्डे, जगदीश आदिवासी, गुमानसिंह, कुशवाह, सुदर्शन शर्मा, शोभाराम धाकड़, लक्ष्मण चंदेल, राजन रजक आदि सम्मिलित थे! उक्त जानकारी मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला गुना के अध्यक्ष कृष्ण गोपाल मीना ने दी

### चाचौड़ा में जनगणना समीक्षा

**चाचौड़ा-** बीनागंज में गृह मंत्रालय की ओर से पधारे जिला प्रभारी मनोज कनाडे द्वारा आज क्षेत्र का भ्रमण कर एसडीएम कार्यालय में जनगणना के संबंध में नगरीय एवं ग्रामीण में हाउस लिस्टिंग ब्लॉक्स की समीक्षा की गई । ऑनलाइन ब्लॉक काटने एवं वार्ड्स में मकान नंबरिंग एवं प्रगणक पर्यवेक्षक नियुक्ति के संबंध में निर्देश दिए गए ।बैठक के दौरान अनुविभागीय जनगणना अधिकारी रवि मालवीय, तहसीलदार चाचौड़ा एवं चार्ज अधिकारी मयंक खमरिया और सीएमओ चार्ज अधिकारी त्रंबकेश्वर मिश्रा एवं विभागीय अमला मौजूद रहा।



# शातिर गैंग के पांच आरोपी गिरफ्तार किए चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर गजेन्द्र सिंह कंवर एवं एसडीओपी मुंगावली सनम बी. खान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बहादुरपुर उनि. नीलम सिंह यादव एवं पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए शातिर गैंग के 05 आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद करने में सफलता प्राप्त की है।

उल्लेखनीय है कि 3 मार्च को थाना बहादुरपुर अंतर्गत फरियादी सोभागसिंह पिता कल्याण सिंह यादव उम्र 62 वर्ष निवासी ग्राम अथाईखेड़ा द्वारा किसी अज्ञात चोर द्वारा उसके घर के आंगन में खड़ी नई हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल तथा घर में रखे बक्से से लगभग 10,000 रुपये भी चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट लेख कराई थी, जिसपर से थाना बहादुरपुर में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान मुखबिर तंत्र एवं अन्य तकनीकी संसाधनों के आधार पर आरोपियों को चिन्हित कर उनसे पूछताछ की गई।

पूछताछ के दौरान आरोपियों के कब्जे से चोरी गई हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 67 जेडडी 7919 कीमती लगभग 01 लाख रुपये बरामद की।

## अशोकनगर में महिला सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया स्वास्थ्य परीक्षण और प्रशिक्षण भी आयोजित

**अशोकनगर।** नगर पालिका परिषद अशोकनगर द्वारा निकाय सभागार में महिला सफाई कर्मचारियों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभी महिला सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान सफाई कर्मचारियों की कार्यक्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से एक प्रशिक्षण कार्यशाला भी आयोजित की गई। कार्यशाला में कर्मचारियों को सफाई कार्य के दौरान बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों तथा अपने कार्य को अधिक सुरक्षित और दक्षता के साथ करने के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उन्नीतन, उपाध्यक्ष



प्रतिनिधि मनोज शर्मा, स्वच्छता चेयरमैन प्रमेन्द्र तायडे सहित नगर पालिका के पार्षदगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों द्वारा सभी महिला सफाई कर्मचारियों को शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला सफाई कर्मचारियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

# बैजू बावरा की स्मृति में कार्यक्रम, भजन गायक अनूप जलोटा करेंगे शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

चंदेरी नगर में प्रतिवर्ष बैजू बावरा समारोह आयोजित किया जाता है लेकिन पिछले कुछ सालों से बैजू बावरा समारोह किसी कारण बस नहीं मनाया जाता था लेकिन इस वर्ष पर्यटन विभाग द्वारा बेजू बाबरा कार्यक्रम मनाने के लिए रुचि दिखाई गई और इस कार्यक्रम में देश के महान भजन गायक अनूप जलोटा और सूफी भजन गायक दीपिका पुरोहित भोपाल से शिरकत करेंगे।

इसके साथ ही इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद और व केंद्रीय मंत्री



ज्योतिरादित्य सिंधिया शामिल होंगे। कार्यक्रम बैजू बावरा की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है जो चंदेरी मेला ग्राउंड प्रांगण में रविवार शाम से आयोजित किया जाएगा। वहीं 16 तारीख को अफजल हुसैन भोपाल धुरपद गायक निखिल बड़ोदिया इंदौर सितार,संघमित्रा तायवड़े एवं साथी, भोपाल - कयक समूह बलवंत पुराणिक, भोपाल-ग्लास वाव अपनी प्रस्तुति देंगे।

## शाढ़ौरा में एचपीवी वैक्सीन के प्रचार-प्रसार हेतु मीडिया वर्कशॉप आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶शाढ़ौरा

अशोकनगर जिले के शाढ़ौरा में किशोरी बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार को शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाढ़ौरा में मीडिया वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया गया, जिसमें मीडिया प्रतिनिधियों को एचपीवी वैक्सीन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में बीएमओ डॉ. जयकृत सिंह राजपूत एवं स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों और




कर्मचारियों की उपस्थिति में कार्यशाला संपन्न हुई। इस दौरान बीएमओ ने एचपीवी वैक्सीन के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### निःशुल्क भोजन कराने वाली संस्था करुणानिधि सेवा समिति को गैस सिलेंडर के अभाव में चूल्हे का लेना पड़ा सहारा

**अशोकनगर।** करुणानिधि सेवा समिति अशोकनगर रजिस्टर्ड संस्था है। 2016 से गरीब असहाय, दिव्यांग ,निशक्त जन एवं वृद्ध जनों को सूर्यास्त के बाद निशुल्क भोजन कराती है। समिति अध्यक्ष माधव सिंह करैया ने बताया कि हम कई बार गैस एजेंसी डीसी गैस सर्विस द्वारा सिलेण्डर प्रदान नहीं किए जा रहे हैं। संस्था के नाम पर गैस कनेक्शन नहीं दिया गया है। जिसके कारण हम संस्था के सदस्य ही अपने घरों से बारी-बारी से सिलेंडर ले जाकर भोजन बनवा रहे हैं। अब सिलेंडर उपलब्ध न होने के कारण समिति का भोजन लकड़ी के चूल्हे पर बनाया जा रहा है। समिति ने मांग की है कि समिति को गैस कनेक्शन दिया जावे जिससे गरीबों का भोजन बंद न हो। इस मौके पर समिति अध्यक्ष माधव सिह, कोषाध्यक्ष पारस चंद जैन एवं अशोक सिंह उपस्थित रहे।




# डीआरएम के नाम स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

सकल हिंदू समाज अशोकनगर द्वारा रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर प्राचीन शिव मंदिर को हटाने के षड्यंत्र के विरोध में स्टेशन अधीक्षक को सकल समाज द्वारा ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया।

इस अवसर पर सकल समाज प्रतिनिधि के रूप में डॉक्टर दीपक मिश्रा ने स्टेशन मास्टर के एल मीना को ज्ञापन देकर मांग की भगवान शंकर के मंदिर को न हटाया जाए उससे छेड़छाड़ न की जाए यह हिंदू समाज की भावनाओं को आहात करने वाला होगा। ऐसी स्थिति में हिंदू समाज आंदोलन करेगी, उसकी रेलवे की प्रशासन की होगी। कहा कि मंदिर संरक्षित किया जाए। 100 वर्ष पुराना मंदिर है इस अवसर पर सकल हिंदू समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे जिनमें अग्रवाल समाज के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल यादव समाज के अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह यादव डॉ जयमण्डल सिंह यादव रघुवंशी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष माधव सिंह रघुवंशी अशोक सिंह रघुवंशी डॉ हरवीर रघुवंशी हरिओम रघुवंशी जैन समाज से ऋषभ जैन दिनेश जैन मेहंदीपुर विकास जैन बल्ली, हेमंत जैन चैरसिया समाज से जगदीश चैरसिया दिनेश चैरसिया, आदि शामिल हैं।



# मानवीय मूल्यों के संवर्धन पर महाविद्यालय में आनंद सभा का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मार्च के द्वितीय सप्ताह की आनंद सभा का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं सकारात्मक वातावरण के निर्माण के लिए आनंद सभा का आयोजन प्रत्येक सप्ताह नियमित रूप से किया जाता है।

इस सप्ताह की आनंद सभा का मुख्य विषय "आनंद की खोज संवाद और सकारात्मकता" रखा गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच, आत्मचिंतन तथा जीवन मूल्यों के महत्व से अवगत कराना था। इस अवसर पर डॉ. योग्यता भार्गव ने विद्यार्थियों को खुश रहने के विभिन्न तरीके बताए। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि आनंद स्वयं के भीतर निहित होता है, किसी बाहरी वस्तु में वास्तविक आनंद नहीं होता।

यदि व्यक्ति सकारात्मक सोच और संतुलित दृष्टिकोण अपनाए तो वह जीवन में सच्चे आनंद का अनुभव कर सकता है। इसी क्रम में हिमांशी गंगवार ने भी विद्यार्थियों से अपने विचार साझा किए।




## नवीन तहसील भवन में सुंदरकांड पाठ के साथ कार्य की शुरुआत

# सोमवार से यहीं होंगे सभी तहसील संबंधित काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ईसागढ़

ईसागढ़ के नवीन तहसील भवन में विधिवत पूजन-अर्चन एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन कर तहसील कार्यालय के कार्यों की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के बाद उपस्थित लोगों को प्रसाद वितरण किया गया।

तहसीलदार रोहित रघुवंशी ने बताया कि नवीन तहसील भवन में कार्यालय की शिफ्टिंग लगभग पूरी कर ली गई है। इससे पहले एसडीएम कार्यालय भी इस परिसर में मौजूद नवीन भवन में स्थानांतरित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि अब तक तहसील कार्यालय पुराने भवन में संचालित हो रहा था, जिसके कारण किसानों और शहरवासियों को एसडीएम कार्यालय और तहसील कार्यालय के कार्यों के लिए अलग-अलग स्थानों पर जाना पड़ता था। साथ ही पुराना तहसील भवन जर्जर और छोटा होने के कारण किसानों एवं अन्य हितग्राहियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। तहसीलदार ने बताया कि नए तहसील भवन का उद्घाटन पूर्व में केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा विधिवत किया गया था। इसके बाद अब तहसील कार्यालय को भी इसी भवन में शिफ्ट कर दिया गया है। शनिवार को नए भवन में पूजन एवं सुंदरकांड पाठ के साथ शुभारंभ किया गया। अब सोमवार से तहसील कार्यालय से जुड़े सभी कार्य इसी नवीन भवन से संचालित किए जाएंगे, जिससे किसानों और आम नागरिकों को एक ही परिसर में सभी प्रशासनिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।



## खबर संक्षेप



### हार्वेस्टर संचालकों किसान संघ एवं व्यापारी संघ के साथ बैठक

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार रबी सीजन वर्ष 2025-26 में नरवाई प्रबंधन के संबंध में बैठक का आयोजन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुविभाग- मुंगावली, अशोकनगर की अध्यक्षता में सभाकक्ष कृषि उपज मंडी समिति मुंगावली बैठक में तहसीलदार मुंगावली, बहादुरपुर, पिपरई, वरिष्ट कृषि विकास अधिकारी, कृषि उपज मंडी सचिव, किसान संघ अध्यक्ष मुंगावली,बहादुरपुर,पिपरई अन्य किसान हार्वेस्टर संचालकों की उपस्थिति मे कृषकों की गेहूं की फसल हार्वेस्टर मशीन के साथ-साथ स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से फसल कटाई कर भूसा बनाने हेतु अवगत कराया गया।

### बहादुपुर पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को 72 घंटे में गिरफ्तार किया

**अशोकनगर।** थाना प्रभारी बहादुरपुर उनि. नीलम यादव द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये मात्र 72 घंटे में दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि 11 मार्च को फरियादी/ पीड़िता द्वारा थाना उपस्थित होकर आरोपी सामिद खाँ द्वारा उसके साथ गलत काम (दुष्कर्म) करने एवं जान से मारने की धमकी देने संबंधी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। उक्त रिपोर्ट पर थाना बहादुरपुर में धारा 64(2)(एम), 64(1), 351(3) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी बहादुरपुर उनि0 नीलम यादव को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी बहादुरपुर उप निरीक्षक नीलम सिंह यादव द्वारा टीम गठित कर आरोपी की तलाश प्रारंभ की गई। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मात्र 72 घंटे के भीतर आरोपी सामिद खाँ पुत्र बांके खाँ निवासी ग्राम गोरा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय द्वारा आरोपी का जेल वारंट बनाए जाने पर उसे जिला जेल अशोकनगर दाखिल कराया गया।

### धूमधाम से मनाई जाएगी मां कर्मादेवी जयंती

**शाढ़ौरा।** साहू समाज की आराध्य माँ कर्मादेवी की जयंती अवसर पर नगर में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान, शोभायात्रा तथा प्रसादी वितरण किया जाएगा। साहू समाज द्वारा माँ कर्मादेवी का 1010वां जन्म महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। रविवार को प्रातः 10 बजे मां कर्मादेवी पूजन किया जाएगा और प्रातरू 10.30 बजे से होली मिलन कार्यक्रम आयोजित होगा। दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक नगर में शोभायात्रा निकाली जाएगी।

### जयमंडल बने जिला कार्यकारणी अध्यक्ष

**पिपरई।** अभा यादव महासभा के जिला अध्यक्ष खलक सिंह यादव ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव की अनुशंसा ओर जिला अध्यक्ष की सहमति पर जयमंडल सिंह यादव रिज़ोदा को जिला कार्यकारणी के अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया। मुंगावली विधायक के भाई राजपाल सिंह यादव की उपस्थिति में यह घोषणा की गई।

## लोक अदालत में कइ रोचक प्रकरणों के आपसी सहमति से निपटारे

# 1291 प्रकरण हल, 10 करोड़ 86 लाख 68 हजार 793 रुपए का अवार्ड पारित





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर में शनिवार को हुए नेशनल लोक अदालत के आयोजन में 1291 प्रकरणों का निराकरण हुआ और 10 करोड, 86 लाख 68 हजार 793 रूपए का अवार्ड पारित किया गया। इस लोक अदालत में वर्षो से चल रहे कई लबिंत प्रकरणों में आपसी सहमति से निपटारा किया गया।

शनिवार को प्रातः 10:30 बजे जिला न्यायालय, अशोकनगर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष सतीश चन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय केशव मणि सिंघल, द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर वर्ष 2026 की प्रथम नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया।

प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय केशव मणि सिंघल द्वारा नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने व पक्षकरों को अधिक से अधिक लाभ दिलाने हेतु समस्त न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं, बैंक, विद्युत, बीएसएनएल तथा नगरपालिका विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों से अपील की और उन्होने कहा कि जन सामान्य में व्याप्त पारिवारिक समस्या, आपराधिक प्रकरण आदि को नेशनल लोक अदालत के माध्यम से समझौते के आधार पर निराकृत किया जा सकता है। इसमें न्यायालयीन प्रक्रिया एवं नेशनल लोक अदालत की अहम भूमिका है। नेशनल लोक अदालत में प्रत्येक व्यक्ति अपनी भूमिका सुनिश्चित कर सकता है और उसे जनकल्याण के लिये समर्पित कर सकता है।

इस अवसर जिला न्यायाधीश प्रकाश केरकेट्टा, जिला न्यायाधीश एवं नेशनल लोक अदालत प्रभारी उपदेश कुमार राठौर, जिला न्यायाधीश राकेश कुमार पाटीदार, अध्यक्ष अधिवक्तासंघ चन्द्रशेखर साहू, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट किरण तूमराची धुर्वे, हर्षिता शर्मा गौड़, न्यायिक मजिस्टेट, सोनल गुप्ता, न्यायिक मजिस्टेट प्रिया चैहान, न्यायिक मजिस्टेट शुभम द्विवेदी, जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा, चीफ लीगल एड डिफेंस अधिवक्ता ओम प्रकाश दुबे, समस्त लीगल एड डिफेंस काउंसल अधिवक्तागण, अभियोजन अधिकारीगण, अधिवक्तागण, जनसंपर्क कार्यालय से पत्रकारगण, विभिन्न विभागों के पदाधिकारीगण, न्यायालयीन कर्मचारीगण, पक्षकारगण एवं विभिन्न एनजीओ से पधारे सामाजिक कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।

प्रथम नेशनल लोक अदालत में कुल 16 न्यायालयीन खण्डपीठों के माध्यम से कुल मामलों का निराकरण हुआ। जिसमें आपराधिक प्रकरण 138 क्लेम प्रकरण 03, ट्रेफिक चालान प्रकरण 01, प्लीबारगेनिंग प्रकरण 04, विद्युत प्रकरण 22, धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम के 185 सिविल प्रकरण 16 अन्य न्यायालयीन मामले 59, वैवाहिक प्रकरण 38 एवं 825 प्रीलिटिगेशन स्तर के मामले शामिल रहे एवं कुल 1291 प्रकरणों में 108668793/-रूपये (दस करोड छियासी लाख अडसठ हजार सात सौ तैरानवे रूपये) का अवार्ड पारित हुआ।

**पति पत्नि के बीच आपसी सुलह हुई और एक होकर घर लौटे** नेशनल लोक अदालत में प्रकरण में दिनेश कुशवाहा (परिवर्तित नाम) एवं उनकी पत्नी सरिता (परिवर्तित नाम) के मध्य लगभग दो वर्षों से वैवाहिक विवाद चल रहा था। आपसी मतभेदों के कारण दोनों पति-पत्नी अलग-अलग रहने लगे तो उनके बीच विवाद और अधिक बढ गया, जिससे आपसी लड़ाई-झगड़े एवं घरेलू हिंसा की स्थिति उत्पन्न हो गई। परिणाम स्वरूप पति के विरूद्ध देहात थाना अशोकनगर में आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण में अभियुक्त पति आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण अधिवक्ता करने में असमर्थ था, जिस कारण उसे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लीगल एड डिफेंस काउंसिल के माध्यम से अधिवक्ता नियुक्त कराया गया। उक्त प्रकरण को नेशनल लोक अदालत की खण्डपीठ किरण तुमराची धुर्वे द्वारा दोनों पक्षों को समझाईश दी जाकर मध्यस्थता की गई। जिसके बाद पति पत्नि में राजीनामा हुआ और वह एक होकर अपने घर लौटे।

नेशनल लोक अदालत के माध्यम से छह वर्ष पुराने आपराधिक प्रकरण का सफलता पूर्वक सौहार्दपूर्ण निराकरण किया। यह प्रकरण में पुराने आपसी लड़ाई झगड़ों से संबंधित है एवं लंबे समय से न्यायालय में लंबित था। प्रकरण की सुनवाई के दौरान पीठासीन अधिकारी अधिकारी शुभम द्विवेदी के मार्गदर्शन में फरियादी एवं अभियुक्त के बीच आपसी सुलह का प्रयास किया।

### ईसागढ़ सिविल न्यायालय में 62 मामलों का हुआ आपसी समझौते से निराकरण

तहसील ईसागढ़ स्थित सिविल न्यायालय में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। सिविल न्यायालय ईसागढ़ में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अंशुल जैन की अदालत में कुल 62 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इनमें चेक अनादरण (चेक बाउंस) से संबंधित 12 प्रकरणों का निपटारा किया गया, वहीं वैवाहिक जीवन से जुड़े 11 मामलों का भी आपसी सहमति से समाधान कराया गया। नेशनल लोक अदालत के दौरान पति-पत्नी के बीच चल रहे भरण-पोषण के एक मामले में न्यायाधीश द्वारा दोनों पक्षों को समझाइश दी गई। न्यायालय की पहल के बाद पति-पत्नी ने आपसी सहमति से राजीनामा कर लिया और लंबे समय से चल रहा विवाद समाप्त हो गया। इसके अलावा झगड़ा और मारपीट से जुड़े अन्य मामलों में भी न्यायाधीश द्वारा दोनों पक्षों को समझाइश दी गई, जिसके बाद पक्षकारों ने आगे बढ़कर समझौते के माध्यम से अपने विवादों का निपटारा किया। लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में लगभग 46 लाख 68 हजार रुपये की राशि का समझौते के आधार पर राजस्व प्राप्त हुआ। वहीं चेक अनादरण से संबंधित लंबित मामलों में 52 लाख 50 हजार 18 रुपये की राशि के प्रकरणों में राजीनामा कराया गया। इस प्रकार बड़ी राशि के विवादों का समाधान लोक अदालत के माध्यम से संभव हो सका। इस अवसर पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अंशुल जैन के साथ सुलहकर्ता सदस्य के रूप में अधिवक्ता करण सिंह परिहार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अभिभाषक संघ के अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह यादव, सचिव के.के. शर्मा सहित अन्य अधिवक्तागण भी मौजूद रहे।

### चंदेरी में 12 लाख से अधिक राशि की हुई वसूली कई प्रकरणों का हुआ निराकरण

न्यायालय परिसर चंदेरी में शनिवार को साल की पहली नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसमें न्यायालय चंदेरी में बरसों से लंबित प्रकरणों का निराकरण दोनों पक्षों की आपसी सहमति एवं समझौते के आधार पर किया गया। निराकृत प्रकरणों में विद्युत विभाग के 05 प्रीलेटीगेशन के 34 तथा हिंदू विवाह अधिनियम के 14 प्रकरणों सहित कई अन्य प्रकरणों का निराकरण भी किया गया। साथ ही जिम्मेदार पक्षकारों द्वारा कई मामलों में 12 लाख से अधिक राशि भी जमा कराई गई। जिसमें जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र वर्मा की अदालत में हिंदू विवाह अधिनियम के नौ विविध मामले दो तथा विद्युत विभाग के पांच प्रकरणों का निराकरण होकर 1,72,597 रुपए की राशि प्राप्त हुई। व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 01 वरिष्ठ खंड महेंद्र सिंह की अदालत में सिविल के तीन तथा क्रिमिनल के तेरह प्रकरणों का निराकरण किया गया। उसी क्रम में व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 01 कनिष्ठ खंड मानसी अग्निहोत्री की अदालत में सिविल के पांच तक क्रिमिनल के अट्ठाइस प्रकरणों का निराकरण होकर चेको का अनादरण पराक्रम्य अधिनियम की धारा 138 के प्रकरणों में निराकरण होकर 10 लाख 17 हजार रुपए की राशि प्राप्त हुई।

## विद्यार्थी हुए पुरष्कृत

# जिला स्तरीय 2026 युवा संसद में गूंजी लोकतंत्र की आवाज



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शासकीय महाविद्यालय सहराई में विकसित भारत युवा सांसद 2026 का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए संसदीय प्रणाली की कार्य प्रणाली को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया और लोकतंत्र संविधान तथा राष्ट्र निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार व्यक्त किया कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों से जोड़ना और उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास करना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक बृजेंद्र सिंह यादव ने आभासी रूप में अपने संबोधन में कहा कि भारत के लोकतंत्र की मजबूती युवाओं की जागरूकता और सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वह लोकतांत्रिक मूल्यों को समझें संविधान के प्रति सम्मान रखें और राष्ट्र के विकास में अपनी भूमिका निभाएं। महाविद्यालय के प्राचार्य, जिला संगठक एवं आयोजन के संरक्षक डॉ अतुल गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को अपनी अभिव्यक्ति और नेतृत्व क्षमता को प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण मंच मिला।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ अशोक कुमार शाक्य ने कहा कि युवाओं को लोकतंत्र की मूल भावना को समझते हुए समाज और राष्ट्र की उन्नति में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा दी। जनपद पंचायत सदस्य अमरीश वैस, समाजसेवी एवं जन भागीदारी समिति सदस्य अभय कुमार सिंघई, मॉडल स्कूल प्राचार्य सलीम खान ने युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारियां को निभाने का आह्वान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी एवं आयोजन प्रभारी डॉ अंजू सिहारे ने मैं भारत पोर्टल पर पंजीकृत छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह आयोजन युवाओं की ऊर्जा और सकारात्मक सोच देश को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### 50 वर्षों में भारतीय लोकतंत्र विषय पर हुआ वैचारिक मंथन

युवा संसद का मुख्य विषय आपातकाल काल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के सबक रखा गया। इस विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में 188 प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया था जिसमें 90 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और सहभागिता की तथा संसदीय शैली में अपने तर्क प्रस्तुत किया विद्यार्थियों ने विभिन्न मुद्दों पर विचार रखते हुए लोकतंत्र की मजबूती संविधान की गरिमा और देश के विकास से जुड़े पहलुओं पर प्रभावी चर्चा की। यूथ कनेक्ट सत्र में यूथ आईकॉन भू रक्षा दुबे ने युवाओं को किया संबोधित तथा प्रतिभागियों से हुई कई विषयों पर चर्चा की। जूरी मेंबर शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पिछोर के प्राध्यापक डॉ अक्षय कुमार जैन, शासकीय महाविद्यालय मुंगावली के प्रोफेसर डॉ रंजीत सिंह पवैया, अशोकनगर के शिक्षाविद प्रियकांत माथुर, एवं यूथ आइकॉन कुमारी भूरक्षा दुबे जूरी सदस्य के रूप में उपस्थित रहे।

**प्रतिभाशाली छात्रों को मिला सम्मान** प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान सलौनी बजाज, द्वितीय स्थान शिफा मंसूरी, तृतीय स्थान विनय कुमार अहिरवार, चतुर्थ स्थान राम रघुवंशी, पंचम स्थान आकर्षि जैन यह राज्य स्तरीय आयोजन भोपाल में करेंगे सहभागिता ,

**युवा संसद में एन एस एस के गीतों उठें समाज के लिए उठे ने समा बांधा।** कार्यक्रम का संचालन और आभार का प्रदर्शन रविंद्र कुमार रितोरिया ने किया। समापन के अवसर पर प्राचार्य डॉ अतुल गुप्ता कार्यक्रम अधिकारी डॉ अंजू सहारे डॉ. सुरेश कुमार गर्ग, डॉ संध्या अहिरवार, आशा शर्मा, धीरज शर्मा, आशा शर्मा, मनोज कुमार जैन ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया, साथ ही जिले से पधारे हुए डॉ करण सिंह राजपूत, डॉ सुनील कुमार शर्मा, डॉ. जवाहर टैगोर ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवको ने सक्रीय संयोजन किया।

# 1014 परीक्षा केंद्रों पर उल्लास नवभारत साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



शनिवार को जिले के चारों विकासखंड के 1014 परीक्षा केंद्रों पर उल्लास नवभारत साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें 25211 नवसाक्षर शामिल हुए। मूल्यांकन परीक्षा वर्ष में दो बार मार्च एवं सितम्बर में आयोजित की जाती है।

सितंबर 2023 से यह छठवीं परीक्षा है। गौरतलब हैं कि 2011 की जनगणना के अनुसार जिले में लगभग 214000 असाक्षर व्यक्ति थे। जिनमें से 147995 असाक्षरो का ऑनलाइन सर्वे पूर्ण हो चुका है इन असाक्षर व्यक्तियों में से पिछली परीक्षाओं में सम्मिलित होकर 116459 व्यक्ति साक्षर हो चुके हैं। इस बार जिले में ग्रामीण आजीविका मिशन की असाक्षर दीदी भी इस परीक्षा में सम्मिलित हुई है। अभी तक जिले में विकासखंड वार असाक्षर व्यक्तियों का सर्वे एवं गत परीक्षाओं में सफल हुए व्यक्तियों का विकास खंडवार विवरण इस प्रकार है। अशोकनगर 41225 का ऑनलाइन सर्वे पूर्ण हो चुका है एवं 33448 व्यक्ति अभी तक साक्षर हो चुके हैं। चंदेरी विकासखंड में 25460 व्यक्तियों का ऑनलाइन सर्वे पूर्ण हो चुका है जिसमें से 20287 व्यक्ति अभी तक साक्षर हो चुके हैं, इसी प्रकार ईसागढ़ विकासखंड में 41800 व्यक्तियों का ऑनलाइन सर्वे पूर्ण हो चुका है जिसमें से 30850 व्यक्ति परीक्षा में सम्मिलित होकर सफल हो चुके हैं।

मुंगावली विकासखंड में 39514 व्यक्तियों का ऑनलाइन सर्वे पूर्ण हो चुका है एवं गत परीक्षाओं में 31874 व्यक्ति साक्षर हो चुके हैं। निरीक्षण जिला शिक्षा अधिकारी सीएस सिसोदिया, जिला परियोजना समन्वयक राहुल शर्मा,समस्त एपीसी जिला समन्वयक साक्षरता सतीश दुबे एवं समस्त विकासखंड के विखं शिक्षा अधिकारी , बीआरसी, बीएसी एवं सीएसी तथा सभी विकासखंड एवं संकुल समन्वयक साक्षरता के द्वारा किया गया।



### शासकीय विधि महाविद्यालय अशोकनगर के विद्यार्थियों को जबलपुर हाईकोर्ट का कराया शैक्षणिक भ्रमण

**अशोकनगर।** शासकीय विधि महाविद्यालय अशोकनगर के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए जबलपुर हाईकोर्ट की अनुमति के साथ उनका भ्रमण कराया गया। इस दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों के द्वारा हाईकोर्ट का भ्रमण, कोर्ट रूम में प्रवेश एवं सुनवाई को सुनना, अधिवक्ताओं से संबंधित व्यवसायिक नैतिकता के साथ बार बैन्च संबंधित नैतिकता के ज्ञान को समझा।

इसके साथ ही डुमना नैचर अभ्यारण में वन्यजीव विधि से संबंधित ज्ञान, नर्मदा के ग्वारी घाट पर नर्मदा को स्वच्छ रखने की शपथ स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत ली एवं जबलपुर के लॉकल एवं पुरातात्विक धरोहर का भ्रमण किया। साथ ही नर्मदा नदी का भ्रमण के दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस भ्रमण में शासकीय विधि महाविद्यालय अशोकनगर के 38 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें नेशनल टास्क फोर्स के अन्तर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। शासकीय विधि महाविद्यालय अशोकनगर की प्रभारी प्राचार्य गरिमा राठौर एवं सहायक प्राध्यापक बहादुरसिंह डाबर विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने गैस टंकी की अर्थी बनाकर विरोध किया, सिर पर चूल्हा लेकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिला कांग्रेस कमेटी अशोकनगर द्वारा स्थानीय गांधी पार्क पर एकत्रित होकर बढ़ती महंगाई एवं गैस की टंकियां के दाम को बढ़ाने को लेकर गैस की टंकी की अर्थी बनाकर निकाली गई। जिसमें गांधी पार्क से पैदल चलकर इंदिरा पार्क होते हुए तुलसी पार्क से गांधी पार्क पहुंचे।

इस बीच कांग्रेस के कार्यकर्ता हाथ में सिलेंडर ,गैस चूल्हा ,लकड़ी, तख्ती लेकर नजर आए वहीं गैस के बड़े हुए दामों को वापस लेने की मांग की और बढ़ती हुई महंगाई पर अंकुश लगाने के लिए भी नारे लगाए। कहा कि यह महंगाई आम जनता की निरंतर कमर तोड़ रही है और अभी वर्तमान में ही गैस की सिलेंडर पर रुपए 60 रूपये की वृद्धि की गई वहीं खाद्य मीठा तेल एवं सरसों के तेल पर भी 4 से 6 रुपए की बढ़ोतरी प्रति लीटर की गई है गैस सिलेंडर की कीमत में बढ़ोतरी एवं सिलेंडर न मिलने के कारण कांग्रेस कमेटी की महिलाओं द्वारा लकड़ी के चूल्हे पर चाय बनाकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया।

इस बीच कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहा, अशोकनगर विधायक हरीबाबू राय, संगठन महासचिव सचिन शर्मा, नगर अध्यक्ष राहुल शर्मा, पार्षद किरण कुशवाहा, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सीमा सुराणा, गिरीश जैन , दशरथ रघुवंशी,अशोक शर्मा , राजकुमार लोधी, दिलीप यादव, खलक सिंह यादव, वाहिद पटेल, रमेश जागर, हरवीर सिंह रघुवंशी जलालपुर, नेता प्रतिपक्ष रितेश जैन, अनुसूचित जनजाति जिला अध्यक्ष नाथन सिंह महोबिया ,यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रिंस सिंघाई, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अभिजीत रघुवंशी, ब्लॉक अध्यक्ष सोनू रघुवंशी साडोरा, शिवाजी सरगैया अशोकनगर, मुकेश लोधी पिपरई, अवधेश लोधी ईसागढ़, राजेंद्र सिंह यादव राजपुर, अजब सिंह कुशवाहा, सतपाल, यशपाल यादव धतुरिया , हरवीर सिंह रघुवंशी साडोरा ,सचिन त्यागी, सुरेश पाल जलालपुर आदि लोग शामिल थे।

# ऐतिहासिक नगरी चंदेरी के शनिदेव के मंदिर में विदेशियों ने की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



ऐतिहासिक नगरी चंदेरी में इन दिनों विदेशी पर्यटकों का आगमन लगातार बढ़ रहा है। इसी क्रम में जमैका, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड से आए पर्यटकों के एक दल ने चंदेरी के प्रसिद्ध शनिदेव मंदिर पहुँचकर श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना की।

विदेशी पर्यटकों ने मंदिर में विधिवत दर्शन कर भगवान शनिदेव से सुख-समृद्धि और विश्व शांति की कामना की। मंदिर के पुजारी उनके साथ आए दिनेश व्यास ने उन्हें भारतीय परंपरा के अनुसार तिलक लगाकर आशीर्वाद दिया तथा शनिदेव की पूजा- विधि और धार्मिक महत्व के बारे में जानकारी दी। पर्यटकों ने मंदिर की प्राचीनता, धार्मिक वातावरण और चंदेरी की ऐतिहासिक धरोहरों की सराहना की। उन्होंने बताया कि भारत की संस्कृति, आस्था और परंपराएं उन्हें बहुत आकर्षित करती हैं, इसलिए वे इन स्थलों को नजदीक से देखना चाहते थे। स्थानीय लोगों ने भी विदेशी मेहमानों का स्वागत किया। उन्होंने कल्ले भाई गाइड के साथ ऐतिहासिक इमारतों का भी भ्रमण किया। आज कल चंदेरी की ऐतिहासिक इमारतों और धार्मिक स्थलों को देखने के लिए देश-विदेश से पर्यटक लगातार यहां पहुंच रहे हैं, जिससे क्षेत्र की पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिल रहा है।भोपाल चंदेरी से ओरछा के लिए शीघ्र ही हेलीकॉप्टर सर्विस भी शुरू होने जा रही है।

## महिला महासमिति ने बड़े धूमधाम के साथ कार्यक्रम किए संपन्न

# आदिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



दिगंबर जैन महिला महासमिति द्वारा बगिया मंदिर में आदिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक मनाया। सर्वप्रथम कार्यक्रम भगवान के अभिषेक एवं शांति धारा के साथ प्रारंभ हुआ। प्रथम शांति धारा का सौभाग्य अशोक गांधी द्वितीय शांति धारा का सौभाग्य नीरज तृतीय शांति धारा श्री दिगंबर जैन महासमिति परिवार एवं चतुर्थ शांति धारा का सौभाग केवलचंद भूसा को प्राप्त हुआ।

आदि कुमार को प्रथम झूला झूलने का सौभाग्य भी निर्मलकुमार नीरज कुमार परिवार को प्राप्त हुआ। तद उपरांत बड़े ही भक्ति भाव एवं आराधना के साथ भक्तांबर विधान किया। तत्पश्चात भगवान का जन्म कल्याणक मना कर सभी ने भगवान को पालने में झुलाया। विधान के अंतर्गत भगवान के जन्म के दौरान सभी भक्तजन झूम उठे और भजनों पर आनंद लेते हुए भक्ति की भक्तांबर विधान एवं संपूर्ण कार्यक्रम पंडित नितेश शास्त्री द्वारा बड़े ही भक्ति भाव से कराया गया। इस दौरान भक्तांबर की महिमा के बारे में बताकर भक्तांबर विधान संपन्न कराया। संध्याकालीन में 48 दीपक से भक्तांबर पाठ किया भक्तांबर महिमा के साथ एवं सभी महिलाओं ने भजन प्रस्तुत किए एवं प्रश्न मंच भी रखा गया, सभी ने मिलकर एक साथ भगवान का जन्म महोत्सव मनाया। कार्यक्रम में उपस्थित समिति की राष्ट्रीय मंत्री इंदु गांधी अध्यक्ष विभा मोदी महामंत्री प्रियंका जैन कोषाध्यक्ष नीतू मुंद्रा सह मंत्री वर्षा सिंघई सांस्कृतिक मंत्री प्रीति भंडारी एवं सदस्य प्रतिभा जैन मीना रसीला सपना अजमेरा नांदा सोनी सिम्मी जैन उषा नेशनल उषा नैनी सुषमा बढ़ जात्य रानी सिंघाई भारतीय सोगानी सुरभी पंसारी आशिका मिर्ची संतोषी मेनिका जैन मोना जैन हेमलता जैन महिलाएं उपस्थित रही।

**खबर संक्षेप**

## आयुष्मान कार्ड शिविर में 85 छात्राओं के बने कार्ड

**विदिशा।** गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष शिविर आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार के मार्गदर्शन और एनएसएस प्रभारी डॉ. शांता अहिरवार के निर्देशन में आयोजित शिविर में स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. पुनीत माहेश्वरी के नेतृत्व में आशा कार्यकर्ताओं की टीम ने छात्राओं का पंजीयन किया। शिविर में 149 छात्राओं ने पंजीयन कराया, जिनमें से 85 छात्राओं के मौके पर ही आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

## बरवाई सेक्टर में क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण आयोजित

**विदिशा।** मप्र जन अभियान परिषद के अंतर्गत विकासखंड कुरवाई के बरवाई सेक्टर में समृद्धि विकास सहयोग समिति द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का सेक्टर स्तरीय क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण ग्राम पंचायत भवन बरबाई में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला समन्वयक पूजा श्रीवास्तव एवं ब्लॉक समन्वयक आशीष जैन ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। प्रशिक्षण में पांचों ग्राम समितियों के अध्यक्ष, सचिव, सदस्य एवं नवांकुर सखियाँ शामिल हुईं।

## योजनाओं की जानकारी स्वच्छता की शपथ दिलाई

**विदिशा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को स्वच्छता, कृषि और आजीविका से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई तथा स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। महिला सदस्यों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत के जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन राधेश्याम खंगार, मनरेगा लेखा शाखा से विजय देवरिया, छात्रावास अधीक्षिका वंदना जाधव, सरपंच राहुल गुर्जर सहित जनप्रतिनिधि, स्व सहायता समूह की महिलाएं मौजूद रहीं।

## एक बगिया मां के नाम से मिली नई दिशा

**विदिशा।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत बूढ़ी बागरोद में संचालित एक बगिया मां के नाम पहल ग्रामीण आजीविका का प्रेरक उदाहरण बन रही है। योजना के तहत हितग्राही चन्द्रमुखी एवं रामेश्वर चिड़ार को वर्ष 2025-26 में कीर्ति स्वयं सहायता समूह के माध्यम से लाभ मिला। उन्होंने अपनी भूमि पर ताइवान पिंक अमरूद के 100 पौधे लगाए हैं, जिनसे डेढ़ से दो वर्ष में उत्पादन मिलने की संभावना है। जैविक उर्वरक व नियमित देखभाल से बगिया तेजी से विकसित हो रही है।

## कृषि सिंचाई योजना से किसान की बढ़ी आय

**विदिशा।** जिले के त्योंदा तहसील के ग्राम बूढ़ी बागरोद के किसान रामेश्वर चिढ़ार ने कृषि सिंचाई योजना का लाभ लेकर अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि की है। पहले वे परंपरागत खेती करते थे, लेकिन विभाग से जुड़ने के बाद उन्हें डायरेक्टर व मल्चिंग सहित वर्मी कंपोस्ट किट की सुविधा मिली। इसके बाद उन्होंने प्राकृतिक और जैविक पद्धति से खेती शुरू की।

### 10 में से 8 प्रकरणों में पति-पत्नी के बीच की गलतफहमियां हुईं दूर

# लोक अदालत में न्यायालय ने फिर पिरोई 8 दंपती के बिखरे रिश्तों की माला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नेशनल लोक अदालत के अवसर पर महिला सुरक्षा शाखा जिला राजगढ़ में आपसी विवादों की सुनवाई के दौरान अलग-अलग रह रहे पति-पत्नी के प्रकरणों का निराकरण किया गया। समझाइश एवं काउंसलिंग के बाद 8 परिवारों को पुनः साथ रहने के लिए राजी किया गया, जिससे उनके परिवारों का विघटन होने से बच गया।





प्रथम न्यायाधीश न्यायालय राजगढ़ द्वारा नेशनल लोक अदालत के अंतर्गत पति-पत्नी के आपसी विवादों के निराकरण हेतु खंडपीठ क्रमांक-30 का गठन किया गया था। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केएल बंजारे के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। गठित कमेटी में नेहा गौर (उप पुलिस अधीक्षक अजाक राजगढ़), अधिवक्ता मोहनलाल वर्मा एवं महिला थाना प्रभारी राधिका भगत द्वारा 10 प्रकरणों की सुनवाई की गई। इन प्रकरणों में पति-पत्नी के बीच आपसी मनमुटाव एवं पारिवारिक विवाद के कारण दोनों पक्ष अलग-अलग रह रहे थे। सुनवाई के दौरान सभी पक्षों को धैर्यपूर्वक सुना गया एवं आपसी समझाइश, काउंसलिंग तथा विश्वास बहाली के प्रयास किए गए। इसके परिणामस्वरूप 10 में से 08 प्रकरणों में पति-पत्नी के बीच की गलतफहमियां दूर हुईं और दोनों पक्ष स्वेच्छा से पुनः साथ रहने के लिए तैयार हो गए।

इसी दौरान एक प्रकरण में एक दपंती के बीच लगभग एक वर्ष से घरेलू विवाद एवं पति द्वारा शराब सेवन के कारण मनमुटाव चल रहा था। लोक अदालत में काउंसलिंग एवं समझाइश के बाद दोनों पक्षों ने भविष्य में विवाद न करने तथा पति द्वारा शराब का सेवन न करने की सहमति दी। दोनों परिवारों की उपस्थिति में पति-पत्नी को राजी-खुशी एक साथ विदा किया गया। नेशनल लोक अदालत के इस प्रयास से 8 परिवारों का टूटता हुआ रिश्ता बच गया, जिससे समाज में आपसी समझ, संवाद और पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करने की दिशा में सकारात्मक संदेश गया।

## जीरापुर-छापीहेड़ा मार्ग पर सड़क हादसे में महिला की मौत



**जीरापुर।** जीरापुर-छापीहेड़ा मुख्य सड़क मार्ग पर झाड़मऊ जोड़ के पास शनिवार दोपहर तीन बजे के करीब सड़क हादसा हो गया। हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक महिला के साथ ढाई साल की एक बच्ची भी थी, जो सुरक्षित पाई गई तथा महिला के हाथ पर मेहंदी से रूपा एवं मनोहर लिखा था। दुर्घटना के बाद 108 वाहन के पायलेट रामबाबू दांगी एवं ईएमटी संजय दांगी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे जहां बड़ी संख्या में राहगीर एकत्रित थे तत्काल ढ़ाई वर्षीय बालिका एवं मृतिका महिला को सिविल अस्पताल जीरापुर लाया गया। तथा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी थी। महिला की पहचान लगभग डेढ़ दो घंटे उपरांत हो पाई है। जानकारी के अनुसार झाड़मऊ के आगे निर्माणाधीन टोल के पास यह घटना हुई। सोशल मीडिया पर भी ढ़ाई वर्षीय बालिका का वीडियो वायरल किया गया। जिसके बाद मृतिका महिला की पहचान हुई। मृतिका महिला की पहचान रूपा पति मनोहर वर्मा निवासी बावड़ी खेड़ा थाना माचलपुर के रूप में हुई , जो की सुबह अपने ससुराल बावड़ी खेड़ा से पैदल बच्ची को लेकर छापीहेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत खजूरी गोकुल मायके जा रही थी। इसी दौरान मध्य रास्ते में यह दर्दनाक दुर्घटना घटित हुई।

# गैस एजेंसी पर उमड़ी रही उपभोक्ताओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शहर में शनिवार को भारत गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं की भीड़ देखने को मिली। लोगों के बीच गैस की किल्लत को लेकर चर्चा हैं। हालांकि अभी तक आधिकारिक रूप से गैस की कमी की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन अफवाहों के चलते उपभोक्ता समय से पहले ही सिलेंडर लेने के लिए पहुंच रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार में कई होटल, ढाबों और दुकानों में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है। इधर प्रशासन और गैस एजेंसी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि गैस की आपूर्ति




सामान्य है और किसी प्रकार की किल्लत नहीं है। अफवाहों के कारण लोग एक साथ सिलेंडर लेने पहुंच रहे हैं, जिससे भीड़ की स्थिति बन रही है। प्रशासन का कहना है कि यदि कहीं घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग पाया जाता है तो संबंधित दुकानदारों पर कार्रवाई की जाएगी।

### इनका कहना है...

घरेलू गैस की कोई कमी नहीं है ये सब अफवाह है। जो लोग साल में 2 टंकी लेते थे वह लोग भी अफवाह के कारण टंकी लेने के लिए आ रहे हैं।

**रेणु दिलीप बंसकार,**
**योगिता गैस एजेंसी संचालक**

## आईटीआई प्रशिक्षण से अग्निवीर बने गौरव

**विदिशा।** शासकीय आईटीआई विदिशा से प्रशिक्षण प्राप्त कर जिले के गौरव चिढ़ार का चयन भारतीय सेना के अग्निवीर पद पर हुआ है। गौरव ने वर्ष 2024 में मैकेनिक मोटर व्हीकल ट्रेड से आईटीआई प्रशिक्षण पूरा किया था। इसके बाद उन्होंने अग्निवीर भर्ती में सफलता प्राप्त कर सेना में स्थान बनाया। वर्तमान में वे नासिक स्थित आर्मी मोटर वर्कशॉप में प्रशिक्षण ले रहे हैं, जहां उन्हें प्रशिक्षण अवधि में लगभग 30 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन मिल रहा है। गौरव ने आईटीआई से कौशल हासिल कर रोजगार प्राप्त करते हुए आत्मनिर्भर बनने के साथ अपने परिवार की आर्थिक जिम्मेदारियां निभाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है।

### कव्वालियों का भी लुफ्त उठा रहे जायरीन

# दिन में फीका रहता है उर्स लेकिन रात में रौनक बरकरार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

बाबा बदख्सानी की दरगाह पर इस साल लग रहे 112वें सालाना उर्स की शुरूआत में भले ही जायरीनों की संख्या काफी कम नजर आई थी। लेकिन अब प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लोग उर्स में मनोरंजन के साधनों का लुफ्त लेने एवं विभिन्न सामानों की खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। दिन के समय अलबत्ता उर्स में पहुंचने वाले लोगों की संख्या काफी कम नजर आ रही है लेकिन शाम एवं रात्रि को हजारों की संख्या में लोग उर्स में पहुंच रहे हैं। दिन में उर्स में भीड़ की कमी का प्रमुख कारण तेज धूप को भी माना जा रहा है। उर्स कमेटी के अनुसार 25 मार्च को उर्स का विधिवत समापन होगा। ऐसे में अभी उर्स मेले में 10 दिन शेष बचे हैं। हालांकि, इसके बावजूद कपड़े, कंबल सहित कुछ अन्य सामानों की दुकानें 30 मार्च तक भी लगी रहने की उम्मीद है। विशेष बात यह भी है कि इस बार के उर्स में किसी तरह की कोई बड़ी घटना, चोरी, छेड़खानी इत्यादि जैसी कोई बड़ी घटना फिलहाल तक नजर नहीं आई।

**19 से 27 मार्च तक आयोजित होगा 108 कुंडीय यज्ञ**

# मां बीजासन भैंसवा माता ट्रस्ट की बैठक में लिए अहम निर्णय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मां बिजासन माता ट्रस्ट भैंसवा माता की बैठक आयोजित की गई। जिसमें आगामी 19 से 27 मार्च तक आयोजित होने वाले पंचम 108 कुंडीय श्री शत चंडी महायज्ञ की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल, सांसद रोडमल नागर, कलेक्टर एवं माँ बिजासन माता ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा तथा पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में महायज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम के दौरान बिजली, पेयजल, पार्किंग, साफ-सफाई, यातायात प्रबंधन तथा सुरक्षा सहित सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से सुनिश्चित की जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि महायज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण कर लें। बैठक में महायज्ञ के सफल आयोजन हेतु आवश्यक तैयारियों, प्रशासनिक व्यवस्थाओं तथा समन्वय को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम की गरिमा के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### श्रम विभाग ने जारी किए निर्देश

# निर्माण आरंभ करने के पूर्व देना होगी सूचना अन्यथा कार्यवाही

**राजगढ़।** श्रम विभाग द्वारा निर्माण स्थलों पर सुरक्षा, स्वस्थ कार्य स्थल बनाने और श्रमिकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ पहुंचाने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत निर्माण स्थलों पर श्रमिकों के लिए सुरक्षा व्यवस्था एवं सुरक्षा अधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। श्रम सेवा पोर्टल मोबाइल एप्प पर निर्माण स्थल का पंजीयन विवरण, कर्मचारियों की संख्या, स्थान (लोकेशन) सहित अन्य आवश्यक जानकारी एकत्र की जा रही है, जिस पर नियोजक श्रमिकों के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी दे सकते हैं। साथ ही




भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण अधिनियम 1996 के प्रावधानों अनुसार किसी भवन या अन्य सनिर्माण कार्य प्रारंभ करने से कम से कम 30 दिन पूर्व उस क्षेत्र में, जहां प्रस्तावित भवन या अन्य सनिर्माण कार्य किया जाना है, अधिकारिता रखने वाले निरीक्षक को स्थल, सुरक्षा उपाय सहित समस्त आवश्यक जानकारी साँझा करना अनिवार्य है। निर्माण स्थलों की जानकारी या सूचना एमपीबीओसीडब्ल्यू के ऑनलाइन पोर्टल या जिला श्रम कार्यालय के माध्यम से दी जा सकती है।

### सूचना नहीं दी तो माना जाएगा आदेश का उल्लंघन


सूचना न देने पर निरीक्षण के दौरान नियम उल्लंघन माना जा सकता है और नियोक्ता पर जुर्माना की कार्रवाई हो सकती है। अधिनियम के प्रावधानों अनुसार यदि कोई नियोजक, धारा 46 के अधीन भवन या अन्य संनिर्माण कार्य के प्रारंभकी सूचना नहीं देता है, तो उसे कारावास भी हो सकता है जिसकी अवधि तीन महीने तक की हो सकेगी या जुर्माना दो हजार रुपए तक अथवा दोनों हो सकता है।

# मेंटेनेंस के नाम पर आए दिन कटौती, नागरिक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विद्युत वितरण कंपनी द्वारा राजगढ़ नगर सहित जिले में अमूमन हर हफ्ते घंटों तक मेंटेनेंस कार्य करवाया जा चुका है। इसके बावजूद यह मेंटेनेंस कार्य लगातार जारी है। नगर के कईं वार्डों और मोहल्लों में घोषित मेंटनेंस के अलावा भी कई-कई घंटों तक विद्युत सप्लाई बाधित रहने लगी जिससे आम नागरिकों में कंपनी की कार्यप्रणाली को लेकर रोष व्याप्त है।

शनिवार को एक बार फिर से कंपनी द्वारा सुबह मेंटेनेंस के नाम पर कुछ वार्डों की बिजली बंद कर दी गई। हालांकि, कंपनी द्वारा उक्त विद्युत प्रदाय बाधित किए जाने के संबंध में पूर्व सूचना दे दी गई थी लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि पूर्व के सालों की अपेक्षा इस साल ज्यादा ही कटौती की जा रही है। घोषित कटौती के अलावा भी विभिन्न स्थानों की बिजली कभी भी काट दी जाती है जिसे सुधारने कंपनी के लाइन कर्मचारी काफी समय तक मौके पर नहीं पहुंचते।



### कई शिकायतें लंबित, नहीं दिया जा रहा ध्यान

राजगढ़ शहर वितरण केंद्र की बात करें तो यहां कई उपभोक्ताओं की बढ़े हुए बिजली बिलों, गलत मीटर रीडिंग, खपत से अधिक बिल आने, विद्युत पोलों के आढ़े-टेढ़े होने सहित अन्य प्रकार की अनेकों शिकायतें लंबित पड़ी हुई हैं। लेकिन, विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों लंबित शिकायतों का कोई निराकरण नहीं करवाया जा रहा है।

## लाडली बहना योजना में 2.71 लाख महिलाओं के खातों में 40 करोड़ जमा

**विदिशा।** मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के अंतर्गत शुक्रवार को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में महिलाओं को आर्थिक सहायता राशि जारी की गई। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने ग्वालियर के घाटीगांव-भितरवार से सिंगल क्लिक के माध्यम से मार्च 2026 की किस्त लाभार्थियों के खातों में अंतरित की। महिला एवं बाल विकास विभाग के अनुसार विदिशा जिले की 2 लाख 71 हजार 312 महिलाओं के खातों में लगभग 40 करोड़ रुपये सीधे भेजे गए। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आंगनबाड़ी केंद्रों और पंचायत मुख्यालयों पर किया गया, जहां महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। लाड़ली बहना योजना की राशि जिले की महिलाओं के लिए काफी मददगार साबित हो रही है।

# छात्र-छात्राओं को जल संरक्षण के प्रति जागरूक कर प्रशिक्षण दिया



**जीरापुर।** विश्व जल दिवस के अवसर पर खारपा हाई स्कूल में एलएंडटी कंपनी द्वारा जल बचाओ अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर कंपनी के अधिकारी दुर्योधन साहू, उत्कृष्ट गुप्ता, कुलदीप कुमार, फेजान खान तथा प्राचार्य राधेश्याम पुरविया ने अतिथियों का हार, पुष्पों से स्वागत किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को रहीमदासजी के दोहों से पानी का महत्व बताते हुए जल के महत्व और उसके संरक्षण के तरीकों की जानकारी दी गई। बच्चों को पानी की बॉटल उपहार स्वरूप भेंट की गई। इस अवसर पर शिक्षक शिव सिंह कुशवाह, अभिनय कुमार, विजय जादव, तारीख अंसारी, सुदेव, नागेंद्र, शुभम, गौतम राठौर, हरीश लुहार, अशोक कुमार राठौर, रमेश मालवीय, देवेंद्र जोशी, संजय जोशी, विष्णु दांगी, लाल चंद,सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### नए जिनालय में भगवान आदिनाथ नए आसन पर विराजमान

# जन्म कल्याणक पर समाज ने निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव के तृतीय दिवस पर तीर्थंकर भगवान का जन्म कल्याणक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातःकालीन बेला में जैसे ही अयोध्या नगरी में राजा नाभिराय की महारानी मरुदेवी के यहां तीर्थंकर बालक का जन्म हुआ, देवराज इंद्र का आसन कम्पायमान हो उठा और तीनों लोकों में आनंद की लहर छा गई।



प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया कि प्रातः 6 बजकर 18 मिनट पर जन्म कल्याणक की घोषणा प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी विनय भैया द्वारा की गई। इसके साथ ही पांडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं और इंद्र-इंद्राणियों में उत्साह का वातावरण बन गया। राजा नाभिराय द्वारा किमिच्छिक दान की घोषणा की गई तथा हथकरघा के वस्त्रों पर 25 प्रतिशत छूट और जीवदया के लिए गौशाला में दान की घोषणाएं भी की गईं। कार्यक्रम के अंतर्गत शहर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। इसमें सौधर्म इंद्र बालक आदिकुमार को ऐरावत हाथी पर बैठाकर गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण पर निकले। पंचकल्याणक महोत्सव के प्रमुख पात्र अश्वरथों पर अपने परिवारों के साथ सवार होकर शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा जैन महाविद्यालय से प्रारंभ होकर तिलक चौक, माधवगंज और अस्पताल रोड होते हुए पुनः अयोध्या नगरी पांडाल पहुंची, जहां पांडुक शिला पर बालक आदिकुमार का अभिषेक किया गया।

### मुनि ने बताई भगवान आदिनाथ की महिमा

निर्यापक श्रमण मुनिश्री संभवसागर महाराज ने कहा कि भगवान आदिनाथ ने मानव समाज को असि, मसि, कृषि, विद्या, वाणिज्य और शिल्पकला जैसे षट्कर्मों का ज्ञान देकर सभ्यता को दिशा दी। मुनिश्री ने बताया कि वर्ष 2008 में गुरुदेव ने बर्रो वाले बाबा की प्रतिमा की अगवानी की थी और इसे अतिशयकारी प्रतिमा बताते हुए भव्य जिनालय निर्माण की प्रेरणा दी थी। इसी भावना से अशोक जैन (सागर वाले) एवं मोहन जैन द्वारा पाषाण का मंदिर बनवाया गया। चतुर्थ दिवस वैराग्य के दृश्य प्रस्तुत किए जाएंगे, जिसमें अप्सरा नीलांजना के नृत्य के माध्यम से संसार की असारता दर्शाई जाएगी।

## पीएम किसान सम्मान निधि: 2.33 लाख किसानों को 46.68 करोड़ जमा

**विदिशा।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को आर्थिक सहायता वितरण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण शुक्रवार को जिलेभर में देखा गया। जिला मुख्यालय स्थित एनआईसी के वीसी कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने किसानों को राशि स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर विधायक मुकेश टंडन, जनपद पंचायत अध्यक्ष वीर सिंह रघुवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा तथा कलेक्टर अंशुल गुप्ता उपस्थित रहे। योजना के तहत जिले के 2,33,445 किसानों के बैंक खातों में सिंगल क्लिक से कुल 46.68 करोड़ की राशि अंतरित की गई। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर सहित अधिकारी मौजूद रहे।